


# मारपीट का कोई लाभ नहीं

## 8

(एकांकी)

(छात्र का नाम है– मोहित। उसे एक शिक्षक सोहनलाल ट्यूशन पढ़ा रहे हैं। कमरे में मोहित के पिता अमित शर्मा का *प्रवेश*।)



अमित शर्मा – कहिए सोहनलाल बाबू, मोहित की पढ़ाई कैसी चल रही है?


शिक्षक – मोहित *शरारती* तो बहुत है, पर पढ़ाई-लिखाई में काफी तेज है। कोई बात बार-बार बतानी नहीं पड़ती है। बस एक बार बता दो, वह भूलता नहीं।

अमित शर्मा – अच्छा! जरा मैं देखूँ कि वह कितना *होशियार* है।

शिक्षक – देखिए। खुशी से देखिए।

मोहित – (*मन-ही-मन*) कल मास्टर जी ने इतनी धुनाई की थी, हड्डियाँ आज भी दुख रही हैं। आज लेता हूँ बदला। इनकी भी छुट्टी न करवा दी, तो मेरा भी नाम नहीं।

अमित शर्मा – क्यों मोहित, याद है सब?



मोहित – जो मास्टर जी ने पढ़ाया है, वह सब याद है।

अमित शर्मा – अच्छा, तो बताओ कि उद्भिद किसे कहते हैं?

मोहित – जो उगता है, अर्थात् मिट्टी को फोड़कर, जो उसमें से ऊपर निकले।

अमित शर्मा – कोई उदाहरण इसका?

मोहित – केंचुआ।

शिक्षक – (*गुस्से से लाल-पीले होते हुए*) क्यों रे, क्या कहा?

अमित शर्मा – जरा ठहरिए, मास्टर जी, अभी आप कुछ मत कहिए। (*मोहित से*) तुमने कविता पढ़ी है। यह बताओ कि वन में क्या खिलता है?

मोहित – काँटा।

(शिक्षक *बेंत* उठाते हैं।)



क्यों गुरु जी, मारते क्यों हो? मैं क्या झूठ कहता हूँ?

अमित शर्मा – अच्छा, सिराजुद्दौला को किसने मिटाया? इतिहास क्या कहता है?

शिक्षक – कीड़ों ने।

(शिक्षक दो-तीन बेंत मारते हैं।)

*खामखाह* मार खानी पड़ती है। सिर्फ सिराजुद्दौला को ही क्यों, सारे इतिहास को कीड़े चाट गए हैं। यह देखिए।

(पुस्तक दिखाता है। शिक्षक सिर खुजाते हैं।)

अमित शर्मा – व्याकरण याद है?

मोहित – जी हाँ।

अमित शर्मा – 'कर्ता' क्या है? जरा उदाहरण के साथ समझाओ तो?

मोहित – जी, कर्ता तो उस *टोले* के रामलाल मुंशी जी हैं।

अमित शर्मा – वह कैसे?

मोहित – वह हमेशा क्रिया-कर्म को ही लिए रहते हैं।

शिक्षक – (*गुस्से से*) तुम्हारा सिर! (पीठ पर बेंत जमाते हैं।)

मोहित – जी सिर नहीं, वह तो पीठ है।

शिक्षक – षष्ठी-तत्पुरुष किसे कहते हैं?



मोहित – पता नहीं।

(शिक्षक बेंत दिखाकर धमकाते हैं।)

इसको तो अच्छी तरह जानता हूँ– यह है षष्ठी तत्पुरुष।

(अमित शर्मा का हँसना और शिक्षक का *कुढ़* कर रह जाना।)

अमित शर्मा – अंकगणित सीखा है?



मोहित — जी हाँ।

अमित शर्मा — अच्छा, यदि तुम्हें साढ़े छः पेड़े देकर कहा जाए कि पाँच मिनट तक पेड़े खाने के बाद जो पेड़े बचें, उन्हें अपने छोटे भाई को दे देना। एक *पेड़ा* खाने में तुम्हें दो मिनट लगते हैं, तो बताओ कि तुमने अपने छोटे भाई को कितने पेड़े दिए?

मोहित — एक भी नहीं।

शिक्षक — वह क्यों?

मोहित — सब खा डालूँगा। एक भी नहीं दूँगा।

अमित शर्मा — अच्छा, बरगद का पेड़ रोजाना 1 *सेंटीमीटर* बढ़ता है। इस मई की पहली *तारीख* को वह एक मीटर का था, तो अगले वर्ष की पहली तारीख को वह कितना ऊँचा होगा?

मोहित — पेड़ टेढ़ा हो जाए, तो कहना *मुश्किल* है; हाँ, यदि सीधे ऊपर की ओर बढ़ता रहा तो नाप कर देखने पर उसकी ऊँचाई का पक्का पता लग सकेगा; यदि इस बीच सूख गया, तब तो कोई बात नहीं।

शिक्षक — मार खाए बिना तुम्हारी अक्ल के दरवाजे नहीं खुलते। कमबख्त, मार-मार कर कमर टेढ़ी कर दूँगा।

अमित शर्मा — सोहनलाल बाबू, यह आपका *वहम* है। मारपीट से शायद ही कोई काम बन पाता है। कहा है कि गधे को पीटकर घोड़ा नहीं बनाया जा सकता, पर अकसर घोड़ा पिटते-पिटते गधा हो जाता है। आप अपनी बेंत सहित यहाँ से तशरीफ ले जाएँ। कुछ दिन मोहित की पीठ सुस्ता ले, तो मैं स्वयं ही इसे पढ़ाऊँगा।

मोहित — (*मन-ही-मन*) आह, जान बच गई।

शिक्षक — जान बची साहब। इस लड़के को पढ़ाना मजदूर का *कार्य* है; सोलह आने *मैनुअल* लेबर। तीन दिन एक लड़के को पीटकर मुझे सिर्फ पाँच रुपए मिलते हैं, उतनी ही मेहनत से कहीं छत-वत को पीटूँ, तो कम-से-कम दस रुपए तो मिल ही जाएँगे।

***—रविंद्रनाथ टैगोर***

## शब्द-अर्थ

प्रवेश — दाखिला *(entrance)*, शरारती — शैतान *(naughty)*, होशियार — बुद्धिमान *(wise)*, टोला — मोहल्ला *(mohalla)*, बेंत — छड़ी *(stick)*, खामखाह — बेकार में *(in vain)*, कुढ़ना — मन-ही मन दुखी होना *(tensed)*, पेड़ा — एक प्रकार की मिठाई *(peda)*,

सेंटीमीटर — मीटर का सौवाँ भाग *(cm)*, मुश्किल — कठिन *(hard)*, कार्य — काम *(work)*, तारीख — दिनांक, तिथि *(date)*, वहम — संशय *(doubt)*, मैनुअल — साधारण *(Simple work)*।

# अभ्यास

## मौखिक

**1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ट्यूशन | मास्टरजी | धुनाई | खामखाह | सिराजुद्दौला |
| शरारती | मुश्किल | उद्भिद | होशियार | वहम |

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—**

(क) यह एकांकी किससे संबंधित है?

(ख) इस एकांकी के लेखक कौन हैं?

(ग) मैनुअल लेबर का क्या अर्थ है?

## लिखित

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—**

(क) शिक्षक का क्या नाम है?

☐ मोहित ☐ सोहनलाल ☐ अमित शर्मा

(ख) शिक्षक ने मोहित के बेंत कहाँ पर मारी?

☐ सिर पर ☐ पैर पर ☐ पीठ पर

(ग) मोहित कैसा लड़का है?

☐ शरारती ☐ होशियार ☐ मंदबुद्धि

(घ) इतिहास की पुस्तक मोहित के अनुसार कौन चट कर गया?

☐ मोहित ☐ कीड़े ☐ सोहनलाल

**2. वाक्यों को पूरा कीजिए—**

(क) मेरी हड्डियाँ ................................ भी दुःख रही हैं।

(ख) कमरे में मोहित के पिता ................................ ने प्रवेश किया।

(ग) इस लड़के को पढ़ाना ................................ का कार्य है।

(घ) मार खाए बिना तुम्हारी ................................ के दरवाजा नहीं खुलते।

(ङ) कर्ता तो उस टोले के ................................ जी हैं।

3. सही वाक्यों के सामने (✓) तथा गलत वाक्यों के सामने (✗) का निशान लगाइए–

(क) छात्र का नाम अमित शर्मा था। ☐

(ख) शिक्षक का नाम मोहित था। ☐

(ग) सोहनलाल मोहित को ट्यूशन पढ़ाते थे। ☐

(घ) मोहित एक शरारती लड़का था। ☐

4. सही मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) एक | (i) तत्पुरुष |
| (ख) षष्ठी | (ii) पेड़े |
| (ग) साढ़े छः | (iii) सेंटीमीटर |
| (घ) पहली | (iv) रुपए |
| (ङ) दस | (v) तारीख |

5. किसने, किससे कहा?

| | किसने? | किससे? |
|---|---|---|
| (क) "अच्छा, तो बताओ कि उद्‌भिद किसे कहते हैं?" | .................... | .................... |
| (ख) "षष्ठी-तत्पुरुष किसे कहा जाता है?" | .................... | .................... |
| (ग) "मारपीट से शायद ही कोई काम बन पाता है।" | .................... | .................... |
| (घ) "सिर्फ सिराजुद्‌दौला को ही क्यों, सारे इतिहास को ही कीड़े चाट गए हैं।" | .................... | .................... |
| (ङ) "जरा ठहरिए, अभी आप कुछ मत कहिए। " | .................... | .................... |

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) इस एकांकी में कितने पात्र हैं? उनके नाम लिखिए।

(ख) अमित शर्मा ने मोहित से किस-किस विषय के सवाल पूछे?

(ग) मोहित के उत्तर सुनकर शिक्षक की क्या प्रतिक्रिया हुई?

(घ) मोहित ने 'कर्ता' का क्या उदाहरण दिया और क्यों?

(ङ) अमित शर्मा ने अंत में क्या निश्चय किया?

## भाषा-ज्ञान

1. निम्नलिखित मुहावरों के सामने उनके अर्थ लिखिए–

(क) छुट्टी करना – ........................................................................

(ख) आग बबूला होना – ........................................................................

(ग) नाक में दम करना – ........................................................................

(घ) कुढ़ कर रह जाना – ........................................................................

2. नीचे दिए गए शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–

(क) शिक्षक – ............... ............... ...............    (ख) पेड़ – ............... ............... ...............

(ग) घर – ............... ............... ...............    (घ) वन – ............... ............... ...............

## क्रियात्मक गतिविधि

- यदि मोहित के स्थान पर आप होते, तो अमित शर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर आप किस प्रकार देते? लिखिए।

अमित शर्मा – ..............................................................................

आप – ..............................................................................

अमित शर्मा – ..............................................................................

आप – ..............................................................................

अमित शर्मा – ..............................................................................

आप – ..............................................................................

- यदि मोहित द्वारा दिए गए गलत उत्तर पर शिक्षक सोहनलाल, मोहित की जमकर पिटाई करते, तो मोहित और अमित शर्मा की क्या प्रतिक्रिया होती? सोचकर दिए गए स्थान पर लिखिए।

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

- लिखकर बताइए कि आपको कौन-से विषय पढ़ना पसंद हैं और कौन-से विषय पढ़ना पसंद नहीं हैं? तालिका में लिखिए।

| पसंद | नापसंद |
|---|---|
| .............................................. | .............................................. |
| .............................................. | .............................................. |
| .............................................. | .............................................. |
| .............................................. | .............................................. |
| .............................................. | .............................................. |